खबर संक्षेप

चित्रकूट अमावस्या मेलाः चोरों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 मोबाइल और पर्स के साथ दो गिरफ्तार

सतना। चित्रकूट में अमावस्या मेले के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो चोरों को पुलिस ने धर दबोचा है। चित्रकूट थाना प्रभारी नीलेश तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और एक पर्स बरामद किया है।

उचेहरा में नौकरी से निकाले जाने से नाराज बिजली ऑपरेटर पोल पर चढ़ा, सैकड़ों गांवों की बिजली गुल



सतना। उचेहरा के पोड़ी-पिथौराबाद सब स्टेशन में उस समय हड़कंप मच गया,जब आउटसोर्स ऑपरेटर अभिनेंद्र शुक्ला नौकरी से हटाए जाने के विरोध में बिजली के पोल पर चढ़ गया और तारों के बीच जाकर बैठ गया। कर्मचारी ने सब स्टेशन के सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी,जिससे सैकड़ों गांवों की बत्ती गुल हो गई और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पोड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और कर्मचारी को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटी है।

प्रॉपर्टी ब्रोकर ओम सोनेजा का हार्ट अटैक से असमय निधन



सतना। बांधवगढ़ कॉलोनी मिहानी पुरम निवासी और प्रॉपर्टी ब्रोकर ओम सोनेजा का अचानक दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने से निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को नारायण तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

मिचकुरीन में सीएम राइज स्कूल व गोदाम का शिलान्यास आज

सतना। नवरात्रि के पावन पर्व पर 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मिचकुरीन में सीएम राइज स्कूल और गोदाम का भव्य शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में सतना सांसद गणेश सिंह व चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मझगवां मंडल के सभी जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से अनिवार्य उपस्थिति की अपील की गई है।



मैहर में शारदीय नवरात्रि मेला शुरू

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 650 पुलिसकर्मी तैनात ट्रेनों को मिला 5 मिनट का अस्थायी हॉल्ट

सतना/मैहर। मां शारदा धाम मैहर में रविवार से शारदीय(क्वार) नवरात्रि मेले का भव्य आगाज हो रहा है। मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा,सुविधा और सुगम दर्शन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। कलेक्टर विदिशा मुखर्जी और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। मेले की सभी प्रमुख व्यवस्थाएं शनिवार रात 10 बजे से प्रभावी हो गई हैं। यह मेला 11 से 21 अक्टूबर तक यानी कुल 10 दिनों तक पूरी भव्यता के साथ चलेगा।



रेलवे की बड़ी सौगातः 15 जोड़ी ट्रेनों को 5 मिनट का अस्थायी हॉल्ट



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने मैहर स्टेशन पर 10 से 22 अक्टूबर तक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दौरान 15जोड़ी (30 ट्रेनें) यात्री गाड़ियों का मैहर स्टेशन पर दोनों दिशाओं (अप-डाउन) में 5-5 मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। इसके साथ ही मैहर स्टेशन पर रुकने वाली कुल स्थाई और अस्थायी ट्रेनों की संख्या बढ़कर 130 हो गई हैं। यात्रियों को टिकट लेने में कोई असुविधा न हो,इसके लिए स्टेशन पर 22 कमर्शियल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।टिकट काउंटर,एटीवीएम मशीनों के अलावा 2 मोबाइल यूनिट्स के जरिए भी आसानी से टिकट मिल सकेंगी। स्टेशन परिसर में हेल्प डेस्क,एम्बुलेंस और यात्रियों के मनोरंजन व सूचना के लिए एलसीडी टीवी लगाई गई हैं,जिस पर मां शारदा के लाइव दर्शन भी प्रसारित होंगे।

स्वास्थ्य सेवाएं और आपातकालीन व्यवस्थाएं

मेले के दौरान किसी भी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित की हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटियां तीन शिफ्टों में बांटी गई हैं।

प्रथम शिफ्टः सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक,
द्वितीय शिफ्टः दोपहर 2 से रात 10 बजे तक
तृतीय शिफ्टः रात 10 से सुबह 6 बजे तक।

मंदिर परिसर,मेला कार्यालय,रोपवे स्टेशन और वन बैरियर जैसे प्रमुख स्थानों पर चिकित्सा कर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही,एम्बुलेंस और जरूरी जीवनरक्षक दवाएं व उपकरण हर समय तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रैफिक,पार्किंग और अन्य प्रमुख सुविधाएं

अस्थायी बस स्टैंडः कटनी रोड पर होटल आकृति के सामने और सतना रोड पर सेंट थॉमस स्कूल के सामने अस्थायी बस स्टैंड बनाए गए हैं,जहां यात्रियों के लिए पेयजल और मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध रहेंगे। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए लगभग 1,600 ऑटो की नंबरिंग की जा रही है। शहर में जगह-जगह दिशा-सूचक बोर्ड लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे का संचालन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक किया जाएगा।

लाइव दर्शन व सहायता केंद्र

शहर की विभिन्न जगहों पर 8 बड़ी एलईडी स्क्रीन के जरिए मां शारदा के लाइव दर्शन की व्यवस्था की गई है। साथ ही गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए विशेष केंद्र बनाए गए हैं।

हेल्पलाइन नंबरः किसी भी प्रकार की सहायता या आपात स्थिति के लिए प्रशासन ने टोल-फ्री नंबर 07674-299047 जारी किया है।

महाशारदा लोक और अन्य घोषणाएं

प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाशारदा लोक के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये जुटाने की रूपरेखा भी साझा की गई। इसमें 25 करोड़ रुपये शारदा प्रबंध समिति द्वारा और 25 करोड़ रुपये जनसहयोग (क्यूआर कोड के माध्यम से) जुटाए जाएंगे। प्रशासन का दावा है कि सभी पुख्ता इंतजामों के साथ श्रद्धालुओं को इस बार बेहद सुरक्षित,सुव्यवस्थित और दिव्य दर्शन प्राप्त होंगे।

सुरक्षा के कड़े इंतजामः 650 पुलिस बल तैनात



मेले में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए कुल 650 पुलिसकर्मियों की फौज तैनात की गई है। इसमें लगभग 500 पुलिसकर्मी मुख्यालय से और शेष स्थानीय पुलिस बल शामिल है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने,यातायात को सुचारू रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा,क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपी के 30-30यानी कुल 60जवान 24 घंटे मुस्तैद रहेंगे। स्टेशन परिसर में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और सीसीटीवी कैमरों से पल-पल की निगरानी की जा रही है।

एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को मिला पेटेंट



सतना। एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के शोध को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से पेटेंट प्रदान किया गया है। पेटेंट का विषय माइक्रोवेव विकिरण विधि द्वारा बेंजीमिडाजोल-ऑक्साजेपीन का संश्लेषण है। पेटेंट प्रमाणपत्र के अनुसार पेटेंट क्रमांक 603272 तथा आवेदन क्रमांक 202421026611 है। आवेदन 30 मार्च 2024 को दाखिल किया गया था और पेटेंट 21 सितंबर 2026 को प्रदान किया गया। इस पेटेंट में डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता,डॉ.नीरज उपमन्यु,सुश्री प्रिया चौरसिया और राहुल चौहान को पेटेंटी के रूप में दर्ज किया गया है। इनके साथ राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी,एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना भी पेटेंटी है। पेटेंट प्रमाणपत्र के अनुसार यह पेटेंट 30 मार्च 2024 से 20 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान किया गया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूती, जन समस्या निवारण और बिजली व्यवस्था सुधार पर बड़ा कदम

सतना। नगर पालिक निगम द्वारा शहर के विकास,पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा और महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अगुवाई में निर्माण कार्यों,जनसुनवाई और प्रशासनिक सुधारों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां संपन्न हुईं।

सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों का निरीक्षण

सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा ने जोन क्रमांक 4 का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड 13,18,20 और 21 तथा डिग्री कॉलेज रोड क्षेत्र में 2.12 करोड़ की लागत से प्रगतिरत पेवर्स रोड,बिटुमिनस सड़क और नाला निर्माण कार्यों की समीक्षा की। आयुक्त ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और स्वीकृत कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

घूरडांग की ढलैया बस्ती में नाली निर्माण हेतु भूमिपूजन

वार्ड क्रमांक 11 अंतर्गत घूरडांग की ढलैया बस्ती में



जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए 37 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने विधिवत भूमिपूजन किया। इससे स्थानीय निवासियों को जलभराव से स्थायी राहत मिलेगी।

83 शिकायतों का मौके पर निराकरण

जोन क्रमांक 5(टिकुरिया टोला) में आयोजित 'मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम' के दौरान नागरिकों की समस्याओं से जुड़े कुल 107 आवेदन प्राप्त हुए। आयुक्त के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 83 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया,जबकि शेष 24 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।

बिजली कनेक्शनों का 7 दिन में होगा भौतिक सत्यापन

नगर निगम की बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए आयुक्त ने विद्युत वितरण कंपनी और निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इसमें निर्देश दिए गए कि अगले 7 दिनों के भीतर सभी बिजली कनेक्शनों का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया जाए,स्मार्ट मीटर लगाए जाएं और अनाधिकृत कनेक्शनों को तत्काल विच्छेदित किया जाए।

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में परिषद का सामान्य सम्मिलन

नगर पालिक निगम परिषद का सामान्य सम्मिलन अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होना प्रस्तावित है। इसमें शहर के विकास,नागरिक सुविधाओं और मूलभूत इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे।

त्योहारों पर पश्चिम मध्य रेल चलाएगा 100 स्पेशल ट्रेन

दुर्गा पूजा,दीपावली और छठ महापर्व पर दानापुर,दिल्ली,हरिद्वार और रीवा-भोपाल मार्गों के यात्रियों के लिए सुगम यात्रा का व्यापक प्रबंध

सतना। आगामी दुर्गा पूजा,दीपावली और छठ महापर्व के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। नियमित गाड़ियों में यात्रियों के अतिरिक्त दबाव को कम करने और सुगम व आरामदायक सफर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख रेल मार्गों पर कुल 100 स्पेशल ट्रेन सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।रेल प्रशासन के अनुसार,इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से दानापुर,हजरत निजामुद्दीन,हरिद्वार,रानी कमलापति (भोपाल),सतना और डॉ. अंबेडकर नगर (इंदौर) जैसे प्रमुख गंतव्यों से जुड़ने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

प्रमुख स्पेशल ट्रेनों का विवरण

रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (22 सेवाएं)
गाड़ी संख्या 01667 (रानी कमलापति से दानापुर): 12 अक्टूबर से 16 नवंबर 2026 तक प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दोपहर 14:25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09:15 बजे दानापुर पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 01668 (दानापुर से रानी कमलापति): 13 अक्टूबर से 17 नवंबर 2026 तक प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को सुबह 11:20 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 10:50 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर,कटनी,मैहर,सतना,प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय,बक्सर,आरा। (कुल 24 ICF



कोच)
सोगरिया-दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक स्पेशल (12 सेवाएं)
गाड़ी संख्या 09823 (सोगरिया से दानापुर): 10 अक्टूबर से 14 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को रात 23:10 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन रात 23:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 09824 (दानापुर से सोगरिया): 12 अक्टूबर से 16 नवंबर 2026 तक प्रत्येक सोमवार को मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोर में 03:45 बजे सोगरिया पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः बारां,गुना, सागर, दमोह,कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी,बक्सर,आरा। (कुल 22 LHB कोच)
जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट/एक्सप्रेस (10 सेवाएं)
गाड़ी संख्या 01707 (जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन): 17 अक्टूबर से 14 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शनिवार को रात 20:20 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 14:25 बजे पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 01708 (हजरत निजामुद्दीन से जबलपुर): 18 अक्टूबर से 15 नवंबर 2026 तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 15:45 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 09:30 बजे जबलपुर पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः कटनी मुड़वारा,दमोह,सागर,वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी,ग्वालियर,आगरा कैंट,मथुरा।
जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल (10 सेवाएं)
गाड़ी संख्या 01703 (जबलपुर से हरिद्वार): 22 अक्टूबर से 19 नवंबर 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 14:20 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 01704 (हरिद्वार से जबलपुर): 23 अक्टूबर से 20 नवंबर 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 16:20 बजे जबलपुर पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः कटनी मुड़वारा,सागर,झांसी,ग्वालियर,आगरा कैंट, अलीगढ़ ,हापुड़, मेरठ सिटी,रुड़की।
रीवा-रानी कमलापति-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट (08 सेवाएं)
गाड़ी संख्या 02192 (रीवा से रानी कमलापति): 17, 24 अक्टूबर एवं 07, 14 नवंबर 2026 (शनिवार) को दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर रात 21:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 02191 (रानी कमलापति से रीवा): 17, 24 अक्टूबर एवं 07, 14 नवंबर 2026 (शनिवार) को रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:20 बजे रीवा पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः सतना,मैहर,कटनी मुड़वारा,दमोह,सागर,बीना,विदिशा।
कटनी-सतना-कटनी प्रतिदिन अनारक्षित स्पेशल (26 सेवाएं)।
गाड़ी संख्या 09015 (कटनी से सतना): 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 05:45 बजे प्रस्थान कर सुबह 08:45 बजे सतना पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 09016 (सतना से कटनी): 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन शाम 18:30 बजे प्रस्थान कर रात 20:50 बजे कटनी पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः झुकेही,अमदरा,भदनपुर,मैहर,उंचेहरा एवं लगरगवां।
रीवा-डॉ.अंबेडकर नगर-रीवा साप्ताहिक एक्सप्रेस पूजा स्पेशल
गाड़ी संख्या 01704 (रीवा से डॉ.अंबेडकर नगर): प्रत्येक शनिवार रात 22:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 15:05 बजे पहुंचेगी।
गाड़ी संख्या 01703 (डॉ.अंबेडकर नगर से रीवा): प्रत्येक रविवार रात 21:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13:30 बजे रीवा पहुंचेगी।
मुख्य ठहरावः सतना,मैहर,कटनी,जबलपुर,नरसिंहपुर,पिपरिया,इटारसी,भोपाल,सीहोर,शुजालपुर, देवास,इंदौर।

रेलवे प्रशासन की यात्रियों से विशेष अपील

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे इन विशेष ट्रेनों की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। टिकटों की बुकिंग IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट या नजदीकी रेलवे आरक्षण केंद्र (PRS) से कराई जा सकती है। यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों के समय व ठहराव की सटीक जानकारी के लिए NTES App,आधिकारिक वेबसाइट

कोतवाली चौराहे से स्टेशन रोड का डामरीकरण महापौर और अध्यक्ष में किया निरीक्षण

सतना। कोतवाली चौराहा से जय स्तंभ चौक की ओर तथा स्टेशन रोड पर सड़क के डामरीकरण का काम शुरू हो गया है। इस बीच महापौर योगेश ताम्रकार एवं नगरनिगम अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कोतवाली चौक से स्टेशन रोड तक चल रहे प्रमुख सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता और कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया।काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न हो,इसके लिए उन्होंने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी। महापौर ने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्चमानकों के साथ पूरे होने चाहिए,ताकि आम नागरिकों को आवागमन में जल्द से जल्द सुगमता और राहत मिल सके।

मोटर साइकिल और साइकिल सवार राहगीरों को मारी टक्कर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



सतना। थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीवीएस एजेंसी के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल और साइकिल सवार राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी,जिससे मोटरसाइकिल सवार बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को ऑटो के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में उपचार के लिए पहुंचाया गया।

सिमरिया चौक से मोटर साइकिल चोरी

सतना। शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत केबी कॉम्प्लेक्स के पास से शुक्रवार रात करीब 10:15 बजे एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (नंबर MP 19 MH 4392) चोरी हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है।

पितृ मोक्ष अमावस्या पर दीपदान कर पितरों को दी गई विदाई

प्रसन्न होकर पितृदेव आशीर्वाद अपने परिवारजनों को देने को लेकर जाने जाते हैं

पन्ना।

आज पितृमोक्ष अमावस्या का दिन निष्चिततौर पर महत्वपूर्ण तो है ही क्योंकि जिस तरह से पितृपक्ष के दिन पितरों के लिये पूजन-अर्जन को लेकर विषेष रूप से होते है वहीं आज का दिन अंतिम दिन अमावस्या का पितृमोक्ष अमावस्या के रूप में जाना जाता है तथा पितरों की विदाई के लिये अमावस्या की संध्याकालीन समय जहां पवित्र नगरी पन्ना में धर्मसागर तालाब में वैदिक मंत्रों के साथ दीप ज्योति जलाकर तालाब में अपने-अपने पितरों को विदाई दी गई श्रद्धा व भाव के साथ जिस तरह से अपने पितृदेवों को यह दीपदान के माध्यम से विदाई दी जाती है जहां वो अपने मार्ग को दीपज्योति की प्रकाष के साथ-साथ अंतिम जीवन का लक्ष्य तय करते





है। पितृदोष की मुक्ति भी कहीं न कहीं दीपक दान से मानते है। दीपक की ज्योति की रोषनी से पितरों का परलोक का मार्ग प्रकाषित होता है वहीं जिस तरह से परिवार के लोग अपने पितरों की विदाई आज की संध्याकालीन समय में दीपदान के माध्यम से करते है वहीं पितरों के द्वारा भी शुभ आषीष आर्षीवाद मिलता है जो हमारी संस्कृति की परम्परा का प्रतीक परिवार को आगे सतत बढने के लिये वहीं पितृदेवो भवः हमारे परिवार की संस्कृति की रीति-रिवाजों में पितृ पक्षों के ये दिन महत्वपूर्ण होते है इसमें समूचे दिनों में जहां श्राद्ध के माध्यम से भी पितरों को भोजन प्रदान किया जाता है वहीं जिनके दिन निष्चित नहीं होते अमावष्या के दिन सभी पितरों के लिये आज की श्राद्ध उचित मानी गई है। आज का दिन पितृदेवों के मोक्ष के लिये पितृमोक्ष अमावस्या होती है जो प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पितरों के पूजन-अर्जन व विदाई दीपदान के माध्यम से धर्मसागर तालाब में अपने-अपने पितृदेवों की विदाई परिवारजनों के द्वारा श्रद्धा भाव के साथ की गई।

दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, 11 अक्टूबर से शुरू होगी शारदीय नवरात्रि



पवई। शक्ति की आस्था का पर्व शारदीय नवरात्रि नजदीक आते ही बाजारों में रौनक के साथ-साथ मूर्तिकारों की कार्यशालाओं में भी चहल-पहल बढ़ गई है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है, जिसे लेकर पवई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का कार्य तेज गति से चल रहा है। मूर्तिकार दिन-रात एक कर माता की प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में जुटे हैं। कोई प्रतिमा को रंग रहा है तो कोई आंखें बना रहा है और कोई श्रृंगार में व्यस्त है। स्थानीय मूर्तिकारों ने बताया कि दो माह पहले से ही प्रतिमा निर्माण का कार्य शुरू हो गया था। अब अंतिम चरण में रंग-रोगन और वस्त्र सज्जा का काम बाकी है, जो एक दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना के साथ ही पंडालों में माता की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

जेके सीमेंट द्वारा संचालित यदुपति सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर पन्ना का नाम किया रोशन





प्रतिभा हर क्षेत्र में अपनी लगन व निष्ठा से मुकाम तय करने को लेकर जानी जाती है दिषा व अवसर मिलने से प्रतिभा को तरासने का कार्य जे.के. सीमेन्ट कंपनी पन्ना की यदुपति सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' से यह आगे अपने मुकाम में पहुंचने के लिये जो प्रेरणा व ट्रेनिंग के माध्यम से मंजिल तय करने के लिये वर्तमान समय में जहां टेक्नोलॉजी की बारीकियों को सीखकर कौषल निखारने के लिये गुरू के रूप में संस्थान के प्राचार्य मनीष कुमार बूनकर ने अजय को अजेय बनाया पन्ना का नाम भी निष्चिततौर पर साबित करने में चमक बिखरने को लेकर अजय अहिरवार ने किया गौरान्वित

पन्ना।

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के 'अजय अहिरवार ने शंघाई में आयोजित विश्व कौशल प्रतियोगिता में ब्रिकलेइंग (ईंट चिनाई)' के क्षेत्र में भारत का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से पन्ना जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। अब अजय को प्रधानमंत्री 'श्री नरेंद्र मोदी' से मुलाकात का अवसर मिला है। अजय अहिरवार जेके सीमेंट, पन्ना द्वारा संचालित यदुपति सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के छात्र हैं। उन्होंने ब्रिकलेइंग की प्रारंभिक ट्रेनिंग इसी संस्थान से प्राप्त की और तकनीकी बारीकियों को सीखकर अपने कौशल को निखारा। 'संस्थान के प्राचार्य श्री मनीष कुमार बुनकर' ने बताया कि अजय ने संस्थान से प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने हुनर को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है। उनकी मेहनत और उपलब्धि संस्थान के साथ-साथ पूरे पन्ना जिले के लिए गौरव की बात है। उनकी सफलता अन्य युवाओं को भी कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। 'अजय की उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही प्रशिक्षण, मेहनत और लगन से छोटे शहरों और गांवों के युवा भी विश्व पटल पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

अमानगंज में लाठी-डंडों से बर्बरतापूर्वक मारपीट

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के पिता को बनाया निशाना हुई मारपीट, श्रीजी होटल में एंट्री कराने और रुपए मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद, गाली-गलौज के बाद आधा दर्जन युवकों पर मारपीट का आरोप

अमानगंज। भारतीय जनता पार्टी के अमानगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव के पिता के साथ लाठी-डंडों से बर्बरतापूर्वक मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, श्रीजी होटल में रुकने के लिए एंट्री कराने रूम में रुकने के रुपए मांगने को लेकर विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज तक पहुंच गया, जिसके बाद करीब आधा दर्जन युवकों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का आरोप है।दहेाती नालसी के अनुसार, मामले में पांच आरोपियों को नामजद किया गया है। इनमें विक्की बुंदेला निवासी ककरा, आकाश भरभूजा निवासी अमानगंज, शुभ शर्मा निवासी अमानगंज, राजाजी उर्फ लवकुश सिंह निवासी छतरपुर तथा छोटा विक्की निवासी डहर्रा, पवइयां, थाना अमानगंज, जिला पन्ना शामिल हैं।दहेाती नालसी के अनुसार, अमानगंज थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 115(2), 296(बी), 351(3), 324(6), 119(1), 331(6) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।वहीं इस पूरी घटना को लेकर क्षेत्र में रोस व्याप्त



है10/10/2026, 7:47**pm** - प्रेम नारायण शर्मा अमान गज पन्नाः खाटू श्याम धाम हिनौती पहुंचे कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संजय नागायच, बाबा श्याम के किए दर्शनअमानगंज। श्री खाटू श्याम धाम, हिनौती अमानगंज में मध्यप्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री संजय नागायच ने पहुंचकर बाबा श्याम के दिव्य दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके आगमन पर श्री खाटू श्याम सेवा संस्था ट्रस्ट परिवार में उत्साह का माहौल रहा।इस अवसर पर श्री खाटू श्याम सेवा संस्था ट्रस्ट, अमानगंज के सदस्यों के साथ आगामी धार्मिक आयोजनों तथा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में धार्मिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और श्रद्धालुओं की सहभागिता से आगामी कार्यक्रमों को बेहतर स्वरूप देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।ट्रस्ट परिवार ने इस अवसर को सौभाग्यपूर्ण बताते हुए धार्मिक कार्यों के माध्यम से सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

पन्ना विधायक ने विश्रामगंज में अतिरिक्त मुआवजा राशि भुगतान का सौंपा प्रमाण पत्र

विस्थापित परिवारों की हरसंभव मदद का दिया भरोसा

पन्ना। पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को ग्राम विश्रामगंज पहुंचकर रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना के विस्थापित परिवारों से भेंट की। इस दौरान पात्र परिवारों को भुगतान की गई अतिरिक्त मुआवजा राशि साढ़े 7 लाख रूपए का प्रमाण पत्र सौंपा तथा शीघ्र ही लगभग सभी 600 परिवारों को पुनर्वास पैकेज की राशि प्राप्त होने के संबंध में आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि सदैव प्रभावित परिवारों के साथ हैं। भविष्य में भी किसी समस्या पर त्वरित निराकरण किया जाएगा। नवीन बसाहट स्थल पर विद्युत पावर स्टेशन एवं धार्मिक स्थल के विकास सहित पेयजल व्यवस्था, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना की भांति रूंज एवं मझगांय सिंचाई परियोजना के प्रभावितों को शासन स्तर से अतिरिक्त राशि स्वीकृत करवाई गई है। इस सिंचाई परियोजना का कार्य 2018 के पूर्व से संचालित है। पूर्व में प्रभावित परिवारों द्वारा 5 लाख रूपए की सहमति देने के बावजूद जनभावना एवं



गरीब परिवारों की पर्याप्त मदद के उद्देश्य से राशि बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया था। निरंतर सार्थक प्रयास एवं समन्वय के फलस्वरूप बढ़ी हुई राशि मिलना संभव हो सका। इसलिए सभी पात्र परिवार इसका लाभ उठाएं।पन्ना विधायक ने शेष विस्थापित परिवारों से अतिशीघ्र संयुक्त बैंक खाता की जानकारी प्रस्तुत करने की अपील भी की, जिससे समय सीमा में राशि का भुगतान सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अजयगढ़ सीता गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र अहिरवार, जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के तहत स्वच्छता एवं प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान संपन्न

देवेन्द्रनगर। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' विषयक विशेष कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान व प्लास्टिक उन्मूलन गतिविधि का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरक कार्यक्रम की रूपरेखा और सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा के कुशल मार्गदर्शन, सेवा संकल्प अभियान के संयोजक श्री सुशील कुमार चौरसिया, प्रभारी श्री नरेंद्र पांडे, डॉ. शालिग्राम मिश्रा तथा सदस्य डॉ. रामनरेश द्विवेदी की सक्रिय व सराहनीय भूमिका रही। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पूरी ऊर्जा व उत्साह के साथ श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया। इस अभियान को धरातल पर उतारने में महाविद्यालय के कर्मचारी रुद्रेश बर्मन, सोनू एवं राजा बाबू वाल्मीकि ने विशेष रूप से समर्पित होकर अपना श्रमदान



दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी जनों को प्लास्टिक के बहुआयामी दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण के दीर्घकालिक फायदों को रेखांकित किया। इस सफल आयोजन से न केवल महाविद्यालय परिसर स्वच्छ हुआ, बल्कि उपस्थित सभी लोगों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति एक नई चेतना और जिम्मेदारी का भाव भी जागृत हुआ।

ग्रामीण नल जल योजना संचालन संधारण नियम 2026 पर पानी समिति का प्रशिक्षण का आयोजन



पन्ना। स्वयंसेवी संस्था समर्थन अजयगढ़ सहित सभी जनपदो में ग्रामीण नल जल योजना संचालनकृसंधारण पर पंचायत प्रतिनिधियो एवं पानी समितियो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अजयगढ़ के 37 ग्राम पंचायत के 60 गांव के पानी समिति एवं पंचायत सदस्यो का 30 के बैच में 12 प्रशिक्षण आयोजित किये जा रहे है। पानी समिति के कार्य ,गठन एवं कर्तव्य एवं शक्तियॉ कृ पानी समिति में अधिकतम 20 सदस्य होगे। पदेन सदस्य सरपंच,सचिव,ग्रामरोजगार सहायक,आशा एवं आंगनवाड़ी होगी।नामांकित सदस्य में प्रत्येक वार्ड के जल उपभोक्ता सदस्य, पच्चीस प्रतिशत निर्वाचित सदस्य,जनसंख्या के अनुपात में अनूसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्य होगे। ग्रामीण नल जल के सुचारू संचालन के लिये वार्षिक कार्ययोजना तैयार करना,पेयजल एवं स्वच्छता कचराप्रबंधन पर कार्य करना। अतिगरीब असहाय परिवार को जलकर से मुक्त करना। पानी के दुरूपयोग करने वाले परिवार पर जुर्माना लगाना न्यूनतम 100 से 500 रू तक। जलकर वसूलना एवं किसी अप्रिय स्थिति में कनेक्सन काटना प्रस्तावित करना। प्रशिक्षक ज्ञानेन्द्र तिवारी ने कहा की संचालन कृसंधारण के कार्य में पानी समिति के दायित्व एवं कर्तव्य,शक्तियॉ मिली है उसका पालन करना अनिवार्य है। पंचायत के साथ नियमित समन्य एवं सहयोग कर पेयजल को हर घर तक पहुचाना पानी समिति की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम में टीम लीडर आशीष झा, विकास मिश्रा, कौशल्या, धर्मवीर, पंचायत मित्र रोशनी, लखन एवं टीम अजयगढ़ का प्रशिक्षण में सहयोग रहा।

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत नगर वन में हुआ सघन पौधरोपणर, पीएम मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल को समर्पित रहा आयोजन

पन्ना। 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' की भावना को साकार करते हुए शुक्रवार को पन्ना-छतरपुर मार्ग स्थित जिला चिकित्सालय के समीप नगर वन में गरिमामय पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की अनवरत जनसेवा के उपलक्ष्य में वन परिक्षेत्र विश्रामगंज के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राज परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद गौतम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंह परिहार, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता, उत्तर पन्ना वनमण्डलाधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उप वनमंडलाधिकारी (विश्रामगंज) मनोज जाटव, उप प्रबंधक श्री राम सिंह पटेल एवं वरिष्ठ पत्रकार (वेद भारत) श्री अवधेश गुप्ता सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व है पौधरोपण

आयोजन के दौरान उपस्थित अतिथियों व नागरिकों ने नगर वन परिसर में पितृ वाटिका में बरगद, पीपल, नीम, (त्रिवेणी) एवं विलुप्त होने वाली प्रजातियां बीजा , दहीमन, कल्पवृक्ष, पुत्रंजीवा आदि दीर्घ अवधि तक जीवित रहने वाले पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और 'हरित प्रदेश' के संकल्प को सुदृढ़ किया। जिससे इस अभियान को दीर्घ समय तक याद रखा जा सके।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के ऐतिहासिक सेवा-काल और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वृक्षारोपण प्रधानमंत्री जी की निस्वार्थ सेवा और संघर्ष की स्मृति को जीवंत रखने के साथ-साथ हमारी भावी पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व का भी परिचायक है। अतिथियों ने जनमानस से अपील की कि 'सेवा मेरा योगदान' भाव को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाए। कार्यक्रम के समापन पर उत्तर पन्ना वनमण्डलाधिकारी श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

देवेंद्रनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग की खराब स्थिति से जनता परेशान

देवेंद्रनगर। राष्ट्रीय राजमार्ग की बेहद खराब स्थिति के कारण महीनों से यहां की जनता को भारी परेशानी हो रही है। नगर में दिन भर धूल के कारण निवासियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और स्वास रोग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। जनता ने नेताओं और जनप्रतिनिधियों से मदद की उम्मीद की थी, लेकिन वे मौन हैं और केवल अधिकारियों से जल्द काम शुरू कराने के आश्वासन मिल रहे हैं। नगर परिषद द्वारा मार्ग में पानी डालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इसका कोई खास लाभ नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों ने उग्र प्रदर्शन किए थे, जिसके बाद निहि विभाग ने 20 दिनों में सड़क बनवाने का आश्वासन दिया और काम भी शुरू किया गया, लेकिन सड़क की स्थिति आज भी खराब बनी हुई है। देवेंद्रनगर की जनता राहत पाने के लिए इंतजार कर रही है कि आखिर कब उनकी समस्याओं का समाधान होगा। जब पूरी रोड खराब है बमीठा से सतना कहीं भी चलने लायक नहीं बची या तो गढडे में सड़क है या तो सड़क में गडढे है फिर आम लोगों से टोल टेक्स क्यों लिया जाता है जनता रोड टेक्स जमा करती है फिर भी सड़क न होते हुये भी टोल बूथ जेब काटने को चूकते नहीं हैक्या जिला प्रषासन इस पर गौर करेगा?।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम सकरिया में कन्या पूजन, गौ पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पन्ना।

सेवा, संस्कार एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सकरिया में कन्या पूजन, गौ पूजन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण, नारी सम्मान, गौ सेवा तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच गुन्नौर विधानसभा के विधायक राजेश कुमार वर्मा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पन्ना नगर पालिका की उपाध्यक्ष मती आशा गुप्ता, भाजपा पन्ना के जिला महामंत्री श्री माधवेंद्र सिंह, ककरहटी नगर परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा त्रिपाठी , ककरहटी मंडल अध्यक्षदीपक शर्मा शिव किशोर त्रिवेदी , ककरहटी मंडल महामंत्री श्री संजय खरे तथा ग्राम सकरिया के सरपंच गोविंद चौधरी जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समाजसेवी पूरन सिंह, हिम्मत सिंह घोसी तथा गढ़ीपड़रिया के पूर्व सरपंच अशोक कुशवाहा की उपस्थिति भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वाली रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ग्रामवासियों

विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई

कार्यक्रम केशव माधव ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट से संबद्ध माधव पैरामेडिकल कॉलेज, पन्ना के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सहयोग किया तथा उपस्थित अतिथियों का स्वागत-सत्कार कर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कन्या पूजन, गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या पूजन के माध्यम से बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं उनके प्रति आदर की भावना को प्रकट किया गया। गौ पूजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति में गौ सेवा के महत्व को रेखांकित किया गया, वहीं वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी तथा हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा, प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर

केशव माधव ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी विशेष महत्व देता है। संस्थान का मानना है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ उनमें सेवा भावना, अनुशासन, सहयोग, सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करना भी आवश्यक है। ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता उन्हें समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने तथा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

जनसेवा एवं सामाजिक समरसता का संदेश

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज में जनभागीदारी, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को सेवा, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में आगे आने का संदेश दिया गया। इस आयोजन ने विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में सामाजिक सहभागिता और जनसेवा के महत्व को भी रेखांकित किया।

खबर संक्षेप



अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

छतरपुर। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सटीया मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल हुए भूरे राय पिता दीनदयाल राय की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों ने घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां वर्तमान में उसका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल ले गए। अज्ञात वाहन के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

स्कूल शिक्षा आयुक्त ने शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ा का किया निरीक्षण



खजुराहो। स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त अभिषेक सिंह खजुराहो पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जनपद शिक्षा केंद्र राजनगर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी वर्ण माला के शब्द, पहाड़े, जोड़ के प्रश्न पूछें साथ ही बच्चों से किताब भी पढ़वाई। इस दौरान सामान्य जानकारी हेतु फल,सब्जी,जानवरों के नाम पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर को जाना। निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी पी.के.रैकवार, बी.आर.सी.सी.राजनगर अतुल चतुर्वेदी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

भैंस से टकराई बाइक, पति घायल

तेंदूखेड़ा। बेलखेड़ा से अपने ग्राम बिलतरा जा रहे बाइक सवार परिवार की बाइक अचानक सामने आई भैंस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार नवल लोधी पिता मुलायम लोधी, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम बिलतरा घायल हो गए। उनके सिर और हाथ में चोटें आई हैं। वहीं उनकी पत्नी सीता पति नवल लोधी, उम्र 30 वर्ष, के पैर में मामूली चोट आई है, जबकि उनकी पांच वर्षीय बेटी जीविका लोधी पूरी तरह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार नवल लोधी अपनी पत्नी सीता और पांच वर्षीय बेटी जीविका के साथ बाइक से बेलखेड़ा से ग्राम बिलतरा लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक सामने से भैंस आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से जा टकराई। टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर गए।

प्रकाश बम्हौरी में कैपिटल स्टोन क्रेशर की मनमानी! डस्ट से परेशान किसान, बंजर हो रही खेती

लवकुशनगर।



बम्हौरी थाना क्षेत्र में क्रेशर संचालक इन दिनों अपनी मनमानी करने में लगे हुए हैं और क्षेत्र के लोग परेशान होने के साथ बीमारी का शिकार हो रहे हैं प्रकाश बम्हौरी स्थित कैपिटल स्टोन क्रेशर संचालक बिना सुरक्षा इंतजाम के सालों से क्रेशर का संचालन कर रहे हैं जिससे आस पास के खेतों में डंस्ट पहुंच रही है और जमीन बंजर हो रही है क्रेशर संचालक द्वारा कन्वेयर मैं पानी का छिड़काव नहीं करते जिससे डस्ट उड़ कर वायुमंडल को प्रदूषित कर रही है आसपास की क्रेशर से लगी हुई किसानों की उपजाऊ भूमि बंजर हो रही है इस डंस्ट की पतली परत खेतों में जाकर मिट्टी के ऊपर बारीक परत का निर्माण कर लेती है जिससे उपजाऊ भूमि नष्ट हो जाती है क्रेशर में कार्य करने वाले मजदूरों और खेतों में कार्य करने वाले मजदूर सांस लेने के दौरान डस्ट से कई प्रकार की बीमारी हो रही है लोगों को खांसी दमा और टीवी जैसी बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। क्रेशर संचालन करने से पहले पानी का छिड़काव करना चाहिए मगर यहां किसी भी प्रकार का कोई पानी का छिड़काव नहीं होता क्रेशर के चारों ओर वृक्षारोपण होना चाहिए मगर जमीन पर एक वृक्ष नजर नहीं आ रहा क्रेशर के चारों ओर बाउंड्रीवॉल या टीन सेट ऊंचाई से होना चाहिए मगर यहां टीन सेट जगह-जगह टूटी पड़ी हुई है डस्ट रोकने के कोई उपाय नहीं है

इनका कहना है -

आपके द्वारा जानकारी मिली है अगर इस तरीके से क्रेशर संचालन हो रही है तो मैं नोटिस जारी करूंगा।
अरविंद सावले
क्षेत्रीय अधिकारी प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड सागर

छतरपुर में भीषण हादसा: चार पहिया ने बाइक सवार को कुचला, चेहरे में लगी गंभीर चोट

छतरपुर।



शनिवार दोपहर करीब एक बजे दंमू पटेल देरी निवासी क्षेत्र में देरी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार के चेहरे पर गंभीर चोटें आ गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा अचानक हुआ। चार पहिया चालक की लापरवाही या तेज रफ्तार को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। अभी तक घायल की पहचान और चालक के खिलाफ दर्ज की गई कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

छतरपुर के प्रताप सागर तालाब में शनि अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पितरों की शांति के लिए किया दीपदान

छतरपुर।



धार्मिक नगरी छतरपुर में शनि अमावस्या के पावन अवसर पर प्रताप सागर तालाब में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपने पितरों की आत्मा की शांति और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ पूजा-अर्चना की तथा दीपदान किया। शनि अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान करते हुए अपने पूर्वजों का स्मरण किया। लोगों ने पितरों के प्रति श्रद्धा और आस्था व्यक्त करते हुए दीप जलाए और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रताप सागर तालाब पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक परंपराओं के बीच लोगों ने इस पावन अवसर पर अपने पितरों के प्रति श्रद्धा अर्पित की।

छतरपुर के टोरिया गांव में हड़कंप, पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम ने मिनटों में निपटाया मामला

छतरपुर।

छतरपुर जिले के टोरिया गांव में एक किसान के खेत से मगरमच्छ का लगभग एक फीट लंबा बच्चा मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व की चंद्रनगर रेंज से रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और बिना किसी नुकसान के मगरमच्छ के बच्चे को सुरक्षित अपने हाथों से पकड़ लिया।

घटना का विवरण

स्थानीय किसानों के अनुसार, खेत में काम करते समय अचानक छोटे आकार का मगरमच्छ दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। पन्ना टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को सुरक्षित पकड़ लिया। किसी भी व्यक्ति या जानवर को कोई नुकसान नहीं हुआ।

किसान के खेत में मिला मगरमच्छ का बच्चा रेस्क्यू टीम ने हाथों से किया सुरक्षित रेस्क्यू



विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञों के अनुसार, टोरिया गांव के पास केन नदी बहती है। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ जैसे वन्यजीव अक्सर पास के छोटे गड्ढों या खेतों तक पहुंच जाते हैं। यही कारण इस घटना का बताया जा रहा है।

खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह स्थित चंदेलकालीन देवी जगदंबी मंदिर गर्भगृह के खुले कपाट



खजुराहो। देशभर में आज दिनांक 11 अक्टूबर दिन रविवार से आश्विन मास के नौ दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र पर्व और दुर्गा पूजा शुरू हो जाएगी,नौ दिनों तक देवीभक्त शक्ति की उपासना और पूजन करते हैं। विश्व पर्यटक स्थल खजुराहो में भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन पश्चिमी मंदिर समूह स्थित चंदेलकालीन जगदंबी देवी मंदिर के गर्भगृह के कपाट देवीभक्तों के लिए निशुल्क खुल गए हैं। यहां पर सूर्योदय के साथ ही देवीभक्तों कि भारी भीड़ उमड़ पड़ती है जो सूर्यास्त तक जारी रहती है इस दौरान भक्त देवी मां को जल ढारने, पूजा अर्चना के साथ आरती भी करते है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में देवीभक्तों की मनोकामना पूरी होती है। इस मंदिर के गर्भग्रह के कपाट की खासियत यही है कि यह साल भर में आश्विन मास की शारदीय तथा चैत्र मास में पडने वाले नवरात्र में ही खुलते है और बाकी समय बंद रहते है,खजुराहो में 9 वीं से 11 वीं सदी के समय चंदेल राजाओं ने कई मंदिर बनवाये थे जो हिन्दू देवताओं को समर्पित हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार ये मंदिर केवल देवों के थे, मान्यताओं के अनुसार जब तक मंदिरों में देवों के साथ शक्ति नहीं होती तब तक वहां पूर्णता का आभास नहीं होता, इसलिए स्थान की पूर्णता हेतु इनमे से एक मंदिर जो भगवान विष्णु को समर्पित था कालांतर में इस मंदिर के गर्भ गृह में देवी पार्वती की मूर्ति स्थापित की गई थी जिसे बाद में देवी जगदम्बी के रूप में प्रसिद्धि मिली और नवरात्रि में देविभक्त यहां पूजन अर्चन करने लगे जो आज भी अनवरत जारी है। वैसे तो पुरातत्व विभाग के अधीन सभी मंदिरों के गर्भगृह बंद रहते हैं लेकिन देवी जगदंबी मंदिर के गर्भगृह को नवरात्र पर्व पर न केवल खोला जाता है बल्कि निशुल्क प्रवेश भी रखा गया है। पश्चिमी मंदिर समूह के इस मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तो का तांता लग जाता है। इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जगदम्बी देवी नवरात्र के दौरान अपने स्वरूप बदलती है, जिससे भक्तों को देवी के अलग अलग रूपों के दर्शन हो जाते हैं, उसकी सभी मनोकामनाएं देवीमाता पूरी करती है। इस मंदिर में देवी पूजन के लिए आस-पास के क्षेत्र से ही नहीं अपितु देश भर से देवी भक्त आते हैं।

जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए डेढ़ घंटे इंतजार, दो काउंटरों पर टिकी व्यवस्था

सॉफ्टवेयर अपडेट और बिजली बाधित होने से मरीज परेशान, सिविल सर्जन ने व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



छतरपुर। जिला अस्पताल छतरपुर में शनिवार सुबह पर्चा बनवाने पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सॉफ्टवेयर अपडेट और बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण कई कंप्यूटर बंद रहे, जिससे पर्चा बनाने का काम प्रभावित हुआ। केवल दो काउंटरों पर काम जारी रहने से मरीजों की लंबी कतारें लग गईं और उन्हें करीब एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

अस्पताल में महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए अलग-अलग काउंटरों की व्यवस्था है, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते मरीजों को इन सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल सका। मामले की जानकारी मिलने पर सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दो कंप्यूटर चालू करवाए और संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त कंप्यूटर शुरू करने तथा सॉफ्टवेयर संबंधी समस्या को अगले दो दिनों में दूर करने की बात कही। साथ ही, इमरजेंसी मरीजों की सुविधा के लिए अलग कंप्यूटर चालू करने के निर्देश भी दिए गए।

जागो, उठो और सनातन के लिए खड़े हो जाओ

बुंदेलखंड सहित देशभर के सनातनियों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान



छतरपुर। जागो, उठो और सनातन के लिए खड़े हो जाओ। इसी आह्वान के साथ बागेश्वर महाराज आज से हिंदू राष्ट्र के संकल्प को लेकर बागेश्वर धाम से बुंदेलखंड के पांच जिलों में पांच दिवसीय रथ यात्रा निकाल रहे हैं। बागेश्वर महाराज ने कहा कि ये विचारों की यात्रा है पूरे देश में विचारों के माध्यम से लोगों को सनातन से जोडऩा है।इस यात्रा में बुंदेलखंड सहित देशभर के सनातनियों से शामिल होने की अपील की गई है। राष्ट्र और धर्म को साथ लेकर चलने की भावना के तहत यात्रा के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्र गान और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। यात्रा में बालाजी के लिए रथ तैयार किया गया है जबकि बागेश्वर महाराज वैनिटी वैन में चलेंगे। पहले दिन यात्रा बागेश्वर धाम से निकलकर गंज, बमीठा, चंद्र नगर होते हुए अजयगढ़ पहुंचेगी जहां दोपहर विश्राम होगा और रात्रि विश्राम पन्ना में होगा।

बागेश्वर महाराज ने सनातन धर्म के अनुयायियों से यात्रा में सहभागिता करने का आह्वान किया है। यात्रा के माध्यम से हिंदू राष्ट्र के विचारों को लेकर जनजागरण करने का उद्देश्य है। पांच दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में विभिन्न धार्मिक संतों और कथावाचकों की सहभागिता भी रहेगी। पहले दिन वृंदावन के प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश महाराज वृंदावन, देवी चित्रलेखा, अयोध्या की हनुमानगढ़ी से राजू दास महाराज, मलूक पीठ के गंगा दास महाराज, हरिद्वार के मोनी महाराज और चित्रकूट के राधेश्याम महाराज शामिल होंगे। बागेश्वर महाराज ने बुंदेलखंड समेत देश के सभी सनातन धर्मावलंबियों से इस यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जो लोग विरोध कर रहे हैं वह भी हमारे हैं उनके माध्यम से भी हमारी बात सनातनियों तक पहुंच रही है। राष्ट्रगान और हनुमान चालीसा के साथ शुरू होने वाली यह पांच दिवसीय रथ यात्रा हिंदू राष्ट्र के संकल्प को केंद्र में रखकर आयोजित की जा रही है।

पुलिस और प्रशासन ने व्यवस्थाओं के लिए बैठक की

बागेश्वर महाराज की पांच दिवसीय सनातन एकता रथ यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो इस हेतु कलेक्टर मृणाल मीणा एसपी रजत सकलेचा ने बागेश्वर धाम पहुंचकर बैठक ली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने बताया कि बागेश्वर धाम से निकलने वाली रथ यात्रा के विषय में प्रशासन के साथ बैठक की गई है। यात्रा मार्ग में किसी भी तरह का अवरोध उत्पन्न ना हो इसके इंतजाम किए जा रहे हैं। पर्याप्त पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में लगाया जाएगा। 300 से 400 वाहनों के शामिल होने का जो अनुमान लगाया गया है उसको ध्यान में रखकर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अन्य जिलों से भी पुलिस बल मंगाया गया है। सुरक्षा में महिला पुलिसकर्मी भी तैनात किए जा रहे हैं। एसपी ने बताया कि यात्रा सुगम हो और यातायात भी प्रभावित न हो इस बिंदु पर भी गहन चर्चा की गई है।

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा के लिए बाबीराजा गठेवरा ने बांटे निमंत्रण

छतरपुर। 11 से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली सनातन हिंदू एकता रथयात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा किसान मोर्चा, मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री बाबीराजा गठेवरा ने छतरपुर के पन्ना नाका पर लोगों को निमंत्रण वितरित कर रथयात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। अभियान के जरिए सनातन हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

श्री अन्नपूर्णा रामलीला में अहिल्या उद्धार से लेकर पुष्प वाटिका तक की लीलाओं का हुआ भव्य मंचन

स्थानीय कलाकारों ने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से कराया रूबरू

छतरपुर।



श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति गल्ला मंडी छतरपुर के रंगमंच पर 9 अक्टूबर 2026 को स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान अहिल्या उद्धार, गंगा अवतरण, नगर दर्शन, जनक बाजार और पुष्प वाटिका की लीलाओं का मंचन हुआ। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत करते हुए दर्शकों को धर्म, भक्ति, मर्यादा और आदर्श जीवन के संदेश से परिचित कराया।

भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श से हुआ अहिल्या का उद्धार

रामलीला के दौरान अहिल्या उद्धार का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ऋषि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जब मिथिला की ओर जा रहे थे, तब मार्ग में उन्हें महर्षि गौतम का आश्रम मिला। यहां श्राप के कारण शिला रूप में पड़ी माता अहिल्या के उद्धार का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श से अहिल्या को श्राप से मुक्ति मिली और वह पुनः अपने दिव्य स्वरूप में प्रकट हुईं। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने भगवान श्रीराम की करुणा, कृपा और भक्तों के उद्धार की महिमा का भावपूर्ण चित्रण किया।

गंगा अवतरण के प्रसंग ने दर्शाया मां गंगा का महत्व

रामलीला में गंगा अवतरण के प्रसंग के माध्यम से मां गंगा की पवित्रता, महिमा और भारतीय संस्कृति में उनके विशेष स्थान को दर्शाया गया। गंगा को मोक्षदायिनी और पापों का नाश करने वाली पवित्र नदी के रूप में पूजने की धार्मिक मान्यता को इस प्रसंग के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण अभिनय के जरिए दर्शकों को इस प्रसंग से जोड़ा।

मिथिला नगर दर्शन और जनक बाजार की लीला ने मोहा मन

इसके बाद भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के मिथिला नगर पहुंचने तथा नगर दर्शन की लीला का मंचन किया गया। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से दोनों भाई नगर भ्रमण के लिए निकले। मिथिला की सुंदरता, वहां के बाजारों की चहल-पहल और नगरवासियों के बीच दोनों राजकुमारों के आकर्षक व्यक्तित्व का प्रभावशाली चित्रण किया गया।

जनक बाजार के प्रसंग में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के सौम्य स्वरूप को देखकर नगरवासियों के मन में उमड़े आनंद और उत्सुकता को कलाकारों ने अपने अभिनय से प्रस्तुत किया। बाजार में उपस्थित लोगों की प्रतिक्रियाओं और मिथिला की सांस्कृतिक छटा ने लीला को आकर्षक बनाया।

पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन का प्रसंग

रामलीला का एक प्रमुख आकर्षण पुष्प वाटिका की लीला रही। जनकपुर में राजा जनक की पुत्री माता सीता अपनी सखियों के साथ पुष्प वाटिका में गौरी पूजन के लिए पहुंचीं। दूसरी ओर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम और लक्ष्मण भी पुष्प लेने के लिए वाटिका में पहुंचे।

इसी दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता के प्रथम दर्शन का मनोहारी प्रसंग प्रस्तुत किया गया। माता सीता ने भगवान श्रीराम को देखा तो उनके मन में श्रद्धा और अनुराग का भाव जागृत हुआ। वहीं भगवान श्रीराम ने भी माता सीता के दिव्य स्वरूप को देखा। इस प्रसंग को मर्यादा, पवित्रता और भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति के साथ मंचित किया गया। पुष्प वाटिका की लीला में सखियों के संवाद, वाटिका का वातावरण और भगवान श्रीराम तथा माता सीता के प्रथम दर्शन के प्रसंग ने रामायण की कथा को मंच पर सजीव कर दिया।

स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से जीवंत हुए रामायण के प्रसंग

श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति गल्ला मंडी छतरपुर के रंगमंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इन लीलाओं के माध्यम से रामायण की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, कर्तव्य, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला आयोजन भी है।

अहिल्या उद्धार से लेकर पुष्प वाटिका तक के प्रसंगों ने रामकथा के विभिन्न भावों को मंच पर प्रस्तुत किया। इन लीलाओं के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस लीला में शाश्वत चतुर्वेदी, अनमोल दीक्षित, कृष्णा तिवारी, शुभम महाराज, रज्जू शर्मा, प्रमोद तिवारी, रामसिंह, संजीव ताम्रकार, ईश्वरी प्रसाद मिश्रा, लक्ष्मण साहू, लखन राजपूत, दुलीचंद गुप्ता, देशराज कुशवाहा, मोहन कुशवाहा, पंकज सैनी सहित कलाकारों ने जीवंत अभिनय किए।

शासन ने 31 अक्टूबर तक मांगे प्रस्ताव, कांग्रेस सरकार में आगे बढ़ा था गांवों को जोड़ने का मामला, सरकार बदलने के बाद अटक गई थी प्रक्रिया

नगर निगम में जुड़ सकते हैं 23 गांव निकाय चुनाव से पहले सीमा विस्तार की तैयारी

रीवा।

शहर के लगातार बढ़ते दायरे के बीच रीवा नगर निगम की सीमा विस्तार का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वर्ष 2027 में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव से पहले मध्यप्रदेश शासन ने सभी कलेक्टरों से नगरीय निकायों की सीमावृद्धि, वार्डों की संख्या, परिसीमन और आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव मांगे हैं। जरूरत के मुताबिक किसी निकाय की सीमा बढ़ाने, घटाने, नए क्षेत्र जोड़ने या हटाने के साथ नए नगरीय निकाय के गठन का प्रस्ताव भी तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए 31 अक्टूबर 2026 तक प्रस्ताव भेजने की समयसीमा तय की गई है। शासन के इस निर्देश के बाद रीवा नगर निगम की सीमा विस्तार को लेकर पुरानी कवायद फिर चर्चा में आ गई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नगर निगम में 23 गांवों को शामिल करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी थी। मंजूरी मिलने के बाद सीमा विस्तार की उम्मीद जगी, लेकिन सरकार बदलने के बाद यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। अब नए सिरे से समीक्षा होने पर इन गांवों को शामिल करने की जरूरत पर भी विचार हो सकता है। रीवा नगर निगम वर्तमान में 45 वार्डों में बंटा है। रीवा विकास योजना-2035 के अनुसार निगम क्षेत्र का भौगोलिक क्षेत्रफल करीब 6265.62 हेक्टेयर है। विकास योजना में नगर निगम की सीमा में समय-समय पर विस्तार होने का उल्लेख है। वर्ष 2003 में भी सीमा वृद्धि की अधिसूचना जारी हुई थी।इसके बाद शहर के आसपास विकसित हो रहे क्षेत्रों को निगम में शामिल करने की जरूरत महसूस की गई। इसी क्रम में 23 गांवों को जोड़ने का प्रस्ताव सामने आया था। अब शासन ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय निकायों की मौजूदा सीमाओं और शहरीकरण की स्थिति की समीक्षा की जाए। जहां बदलाव जरूरी हो, वहां नियमानुसार प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं। इस प्रक्रिया में केवल सीमा विस्तार ही नहीं, बल्कि वार्डों की संख्या और उनके परिसीमन की भी समीक्षा हो सकती है। यदि नगर निगम का क्षेत्र बढ़ाने का प्रस्ताव आगे बढ़ता है तो वार्डों की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव की जरूरत भी सामने आ सकती है। बॉक्स*शहर के आसपास बढ़ा शहरी दायरा, निवेश क्षेत्र भी हुआ विस्तृत*रीवा शहर के आसपास पिछले कुछ वर्षों में आवासीय कॉलोनियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है। जनवरी 2026 में रीवा के निवेश क्षेत्र का भौगोलिक दायरा भी बढ़ाया गया था। इसमें शहर के आसपास के कई गांव और क्षेत्र शामिल किए गए थे। ऐसे में नगरीय निकाय चुनाव से पहले यह समीक्षा महत्वपूर्ण हो गई है कि नगर निगम की मौजूदा सीमा बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप है या नहीं। हालांकि, निवेश क्षेत्र में शामिल होना और नगर निगम की सीमा में शामिल होना अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। निवेश क्षेत्र में शामिल गांवों को स्वतः नगर निगम का हिस्सा नहीं माना जा सकता। इसके लिए अलग से निर्धारित प्रक्रिया के तहत निर्णय लेना होगा।बॉक्स *31 अक्टूबर तक कलेक्टरों को भेजने होंगे प्रस्ताव*नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जिन नगरीय निकायों में शहरीकरण के कारण सीमा विस्तार या संकुचन की जरूरत है, वहां आवश्यक अभिलेखों और जानकारियों के साथ प्रस्ताव तैयार किए जाएं। वार्डों की संख्या में बदलाव, परिसीमन अथवा नए नगरीय निकाय के गठन की आवश्यकता होने पर भी प्रस्ताव भेजे जा सकते हैं। प्रस्ताव भेजने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2026 है। प्रस्ताव आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को भेजे जाएंगे। शासन के पत्र में मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 और मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की संबंधित धाराओं का उल्लेख करते हुए सीमा में क्षेत्र शामिल करने या हटाने तथा वार्डों की संख्या और विस्तार निर्धारित करने की प्रक्रिया का हवाला दिया गया है।बॉक्स *जिले के सभी 10 नगरीय निकायों की होगी समीक्षा*रीवा जिले में नगर निगम के अलावा बैकुंठपुर, त्योंथर, गोविन्दगढ़, सेमरिया, मनगवां, सिरमौर, गुढ़, चाकघाट और डभौरा सहित नौ अन्य नगरीय निकाय हैं। शासन के निर्देश इन सभी पर लागू होंगे। स्थानीय जरूरतों और शहरीकरण की स्थिति के आधार पर प्रत्येक निकाय में सीमा विस्तार, संकुचन और वार्ड परिसीमन की आवश्यकता का आकलन किया जा सकेगा। फिलहाल रीवा नगर निगम की सीमा में बदलाव को लेकर तस्वीर स्पष्ट नहीं है। अब जिला प्रशासन की समीक्षा और शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर नजर रहेगी। यदि सीमा विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो इसका असर नगर निगम के भौगोलिक दायरे और भविष्य की वार्ड व्यवस्था पर पड़ सकता है।

सेवा, शिक्षा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल



रीवा।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 रीवा में आज समग्र शिक्षा अभियान जिला रीवा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में महापौर वीरेंद्र गुप्ता, पीएल मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, राजेश मिश्रा, राजेश तिवारी डीपीसी रीवा, प्रवीण शुक्ला, दीपेंद्र सिंह द्वारा सहभागिता कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरण किया गया।विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना, उनके आत्म विश्वास को बढ़ाने और शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारा संकल्प है कि प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढ़ने के अवसर मिलें और वह अपने सपनों को साकार कर सके।

सात दिन से लापता नाबालिक उज्जैन से दस्तयाब

रीवा। घर से बिना बताए लापता हुए नाबालिग बालक को सेमरिया पुलिस ने सात दिन बाद उज्जैन जिले से सकुशल दस्तयाब कर लिया है, पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई और बालक के कथन दर्ज करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सेमरिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालक की तलाश की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को बालक का पता उज्जैन जिले में चला, जहां से उसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, नाबालिग बालक के घर से बिना बताए कहीं चले जाने के बाद उसके परिजनों ने सेमरिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। बालक के नाबालिग होने के कारण पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसकी तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान सेमरिया पुलिस ने बालक की तलाश के लिए प्रयास किए। आखिरकार पुलिस टीम ने उसे उज्जैन जिले से सकुशल दस्तयाब कर लिया।

भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा अमेरिका, समय रहते विदेशी हस्तक्षेप के प्रति सतर्क रहने की जरूरत : एड. कुलदीप सिंह



रीवा। देश में अस्थिरता लाने के लिए अमेरिका और उसकी गुप्तचर एजेन्सी सी.आई.ए.पूर्णतः प्रयासरत है जिसके लिए अमेरिका के सी.आई.ए.ने पूरी ताकत झोक दी है जिसका नतीजा पूरे देश में छोटी सी छोटी बात को लेकर धरना प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब किसी देश के प्रतिनिधि अमेरिका के नेतृत्व के आगे नही झुकते हैं और अमेरिका के लाभ के लिए अपने देश का नुक्शान नहीं करते हैं तो अमेरिका उन देशों के प्रतिनिधियों के पीछे हांथ धोकर पड़ जाता है। श्री सिंह ने आगे कहा कि अमेरिका सी.आई.ए.के माध्यम से लगभग 60 से ज्यादा देशों की रिजीम चेंज किया है। उन्होने कहा कि 1893 में हवाई की रिजीम चेन्ज किया था अमेरिकी नागरिक क्रिश्चियन मशीनरी के माध्यम से हवाई गये थे तथा जमीन खरीद कर सुगर मिल का संचालन कर अमेरिका को फायदा पहुंचा रहे थे। हवाई की रानी ने कंपनियों पर लगाम लगाया था तथा तख्ता पलट कर अमेरिकावासी को वहां का राजा घोषित किया था। उन्होने आगे कहा कि 1953 में मो.मुस्सदीक ईरान के प्रधानमंत्री हुए थे तथा उन्होने ईरान का आयल नेशनलाइज्ड करने की बात कही थी उस समय ब्रिटिश कंपनी का ईरान में दवदवा था ब्रिटिश की खुफिया कंपनी ने अमेरिका के सी.आई.ए.के साथ मिलकर ईरान में दंगा भड़काकर तत्काली प्रधानमंत्री मो.मुस्सदीक का स्तीफा लेकर अपने भरोसे मंद मोहम्मद रजा पहलवी को प्रधानमंत्री बनाया था। उसी क्रम में 1954 में गोतेमाल, 1960 में कांगो, 1963 में वियतनाम, 1973 में चिली, 1996 में रसिया में तख्ता पलट करना, 1994 से 2004 के बीच हैती, 2000 में सर्विया/ यूगोस्लाविया, 2001 में 9/11 हमले के बाद मिलिट्री एक्सन पर अफगानिस्तान में तालिवान शासन, 2003 में ईराक में वेपन ऑफ मास डिस्ट्रक्शन के नाम पर हमलाकर सद्दाम हुसेन को हटाना, 2011 लीविया में नाटो और यू.एस.के द्वारा एयर स्ट्राइक करके तथा वहां के वागियों को सपोर्ट कर मुअम्मर गद्दाफी को हटाना, 2011 सीरिया में अप्रेशन टिम्बर स्काई मोर करके तख्ता पलट करना, 2014 में यूक्रेन में तख्ता पलट करना, अमेरिका को जमीन न देने पर पाकिस्तान में इमरान सरकार का तख्ता पलट करना, बंग्लादेश, नेपाल व भूटान में भी तख्ता पलट करना अमेरिका की गुप्तचर एजेन्सी सी.आई.ए.का मुख्य काम था जिसका जीता जागता उदाहरण 2025-26 में ईरान में अमेरिका तथा इजराइल का संयुक्त मिलेट्री आपरेशन है। बॉक्स *भारत की आंतरिक स्थिति को लेकर जताई चिंता*अधिवक्ता सोमवंशी ने कहा कि भारत की मौजूदा सरकार अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुक रही है और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे रही है। इसी वजह से भारत में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए इस घटना के पीछे विदेशी खुफिया एजेंसियों की संभावित भूमिका को लेकर भी आशंका जताई। देश में विभिन्न मुद्दों पर हो रहे विरोध-प्रदर्शनों के माध्यम से अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी घटना या आंदोलन के संबंध में निष्कर्ष निकालने से पहले तथ्यों की जांच करें और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

श्राद्ध कार्यक्रम में गया परिवार, सूने मकान में 15 लाख की चोरी,जमीन की रजिस्ट्री व जरूरी दस्तावेज भी गायब



रीवा। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के बदरांव वार्ड क्रमांक 43 में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के सभी सदस्य अपने गांव मनकुआं में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और जमीन की रजिस्ट्री सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिए। परिवार जब दो दिन बाद घर लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों के दरवाजों के ताले भी टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। घर की यह हालत देखकर परिवार के सदस्यों के होश उड़ गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 15 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने बिछिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है, पीड़ित परिवार के मुताबिक, घर के सभी सदस्य 6 अक्टूबर को अपने मकान में ताला लगाकर गांव मनकुआं के लिए रवाना हुए थे। वहां श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के बाद परिवार 8 अक्टूबर की शाम वापस रीवा लौटा। घर पहुंचने पर मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। पहले तो परिवार को कुछ समझ नहीं आया, लेकिन घर के अंदर दाखिल होते ही चोरी की आशंका हकीकत में बदल गई। कमरों के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे और बेडरूम में रखा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। परिवार ने जब घर के अंदर रखे सामान की जांच की तो लाखों रुपये के आभूषण और नकदी गायब मिले। पीड़ितों के अनुसार, चोर करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने के आभूषण और लगभग 5 लाख रुपये की चांदी ले गए। इसके अलावा घर में रखे 50 हजार रुपये नकद भी गायब मिले। चोरी की वारदात केवल कीमती आभूषणों और नकदी तक सीमित नहीं रही। चोर मकान से जमीन की रजिस्ट्री सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने साथ ले गए। चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने बिछिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

जॉइंट कमिश्नर ने किया निरीक्षण

रीवाः रीवा जनपद की ग्राम पंचयात रीठी मे ज्वाइंट कमिश्नर वीरेंद्र सिंह पटेल द्वारा आंगनवाड़ी, विद्यालय और पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया. इस अवसर पर सरपंच रामसेवक पटेल, इंजीनियर महेश स्वर्णकार, अजय पटेल, सचिव रामलाल चतुर्वेदी, रोजगार सहायक अमर सिंह पटेल, पटवारी संदीप शुक्ला, विशाल शुक्ला, आगनबाड़ी कार्यकर्त्ता सुधा पटेल सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

तिरूपति-श्रीकालहस्ती के लिए अब 10 दिसम्बर को जाएगी ट्रेन

रीवा। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत रीवा रेलवे स्टेशन से 12 अक्टूबर को तिरूपति-श्रीकालहस्ती के लिए यात्रा प्रस्तावित की गई थी। इसमें अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया गया है। संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व द्वारा बताया गया है कि तिरूपति-श्रीकालहस्ती की यात्रा के लिए रीवा रेलवे स्टेशन से अब 10 दिसम्बर को ट्रेन रवाना होगी जिसमें रीवा, सीधी और मऊगंज के तीर्थयात्री शामिल होंगे। ट्रेन की वापसी 16 दिसम्बर को होगी।

बड़े बकायादारों की संपत्ति होगी कुर्क, नगर निगम ने कसी कमर

व्यावसायिक संपत्तियों से शत-प्रतिशत टैक्स वसूली के निर्देश

रीवा। नगर निगम ने संपत्तिकर की वसूली तेज करने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। धारा 174 के तहत नोटिस जारी होने के बाद भी बकाया कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ अब कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही व्यावसायिक संपत्तियों से शत-प्रतिशत संपत्तिकर वसूलने और सर्वे में छूटी संपत्तियों को चिह्नित कर कर निर्धारण करने के निर्देश दिए गए हैं। शनिवार को नगर निगम के सहायक आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी रामनरेश तिवारी ने जोन क्रमांक-4 की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को बकाया कर की वसूली में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जोन-4 को 30 अक्टूबर 2026 तक न्यूनतम 2 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया। सहायक आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बकाया कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई शुरू की जाए। धारा 174 के तहत नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए सर्वे में छूटी संपत्तियों को चिह्नित करने पर भी जोर दिया गया। ऐसी संपत्तियों को नगर निगम के रिकॉर्ड में शामिल कर उनका संपत्तिकर निर्धारित करने और नियमानुसार वसूली करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा व्यावसायिक संपत्तियों से शत-प्रतिशत संपत्तिकर वसूली सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि निगम के राजस्व में वृद्धि हो सके। बैठक के दौरान बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर भगवानदीन यादव और दिवाकर रावत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

एक दिन पहले मरा था मवेशी, दूसरे दिन हाईटेंशन तार ने ली बुजुर्ग की जान, ग्रामीणों का आरोप पहली घटना के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में हाईटेंशन लाइन का टूटा तार एक बुजुर्ग की मौत का कारण बन गया। खेत में मवेशी चराने गए 65 वर्षीय संरक्षण प्रसाद मिश्रा करंट की चपेट में आ गए। तार में करंट प्रवाहित होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि इसी स्थान पर एक दिन पहले करंट लगने से एक मवेशी की भी जान जा चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पहली घटना के बाद भी बिजली विभाग ने टूटे तार को दुरुस्त नहीं कराया और न ही खतरे को खत्म करने के लिए कोई प्रभावी कदम उठायाशाहपुर निवासी संरक्षण प्रसाद मिश्रा शनिवार को रोजाना की तरह अपने मवेशियों को चराने गांव के पास खेतों की ओर गए थे। इसी दौरान खेत में टूटकर पड़े हाईटेंशन लाइन के तार के संपर्क में उनका पैर आ गया। तार में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, जिस खेत में बुजुर्ग की जान गई, वहां एक दिन पहले ही हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हुई थी। इसके बावजूद तार की मरम्मत नहीं होने और बिजली आपूर्ति बंद नहीं किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहली घटना के बाद ही टूटे तार को दुरुस्त कर दिया जाता या बिजली बंद कर दी जाती, तो संभवतः दूसरे हादसे को रोका जा सकता था। घटना की सूचना मिलने पर सिरमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व सैनिकों का सम्मान

पूर्व सैनिकों का त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत - विधायक प्रदीप पटेल

मऊगंज



सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मऊगंज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा एवं अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय ने पूर्व सैनिकों का सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, समर्पण और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। देश की सीमाओं की सुरक्षा एवं राष्ट्र की अखंडता बनाए रखने में सैनिकों का योगदान अतुलनीय है। पूर्व सैनिकों ने अपने सेवाकाल में राष्ट्र के प्रति समर्पण का परिचय दिया है। उनके अनुभव, अनुशासन और देशभक्ति से समाज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। 'सेवा मेरा योगदान' की भावना के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार समाज और राष्ट्र के हित में योगदान देना चाहिए। पूर्व सैनिकों का सम्मान राष्ट्र के प्रति उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम सहित बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

आत्मा परियोजना में करोड़ों खर्च, फिर भी किसान बेहाल, जिम्मेदार मौन

किसान के खेत तक नही पहुंच रहा लाभ

मऊगंज सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी किसान हितैषी योजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन 'आत्मा' जिले में भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी आय में वृद्धि करना है, मध्यप्रदेश सरकार ने 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप मे घोषित किया है और किसानो के हित मे नये-नये फैसले ले रही है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति के किसान तक नहीं पहुंच पा रहा है।

योजना के प्रावधानों के अनुसार जिले के प्रत्येक विकासखंड में कृषि परिसर में आत्मा योजना का कार्यालय संचालित होना चाहिए, जहां कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत बीज, जल एवं मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक व कीटनाशी प्रयोग, समेकित खेती प्रणाली, जैविक खेती, संरक्षित खेती, उद्यानिकी, डेयरी एवं पशुपालन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जानी थी। परंतु जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है।

सूचियों तक सीमित प्रगतिशील किसान

विभागीय रिकॉर्ड खंगालने पर पंचायत स्तर पर प्रगतिशील किसानों की लंबी-चौड़ी सूचियां जरूर मिल जाती हैं। लेकिन यदि इन सूचियों का गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन किया जाए तो



अधिकांश नाम केवल कागजी खानापूर्ति साबित होते हैं। संबंधित किसान को स्वयं पता नहीं होता कि वह प्रगतिशील किसान की श्रेणी में है। इस कारण प्रशिक्षण और अनुदान का लाभ वास्तविक जरूरतमंद किसान से कोसों दूर है।

भ्रमण और प्रशिक्षण के नाम पर घोटाला

योजना में प्रगतिशील कृषकों के दल को राज्य एवं अंतरराज्यीय भ्रमण कराकर उन्नत कृषि अनुसंधान केंद्रों का अवलोकन कराने का महत्वपूर्ण घटक है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इसी मद में सबसे बड़ा खेल हुआ है। फाइलों में भ्रमण, भोजन, आवास और वाहन के लाखों के बिल लगे हैं, किंतु कितने किसान वास्तव में भ्रमण पर गए, यह जांच का विषय है। यदि जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

आत्मा परियोजना का संचालन मऊगंज की बजाय रीवा से

सबसे गंभीर पहलू यह है कि मऊगंज जिले के लिए स्वीकृत आत्मा योजना का संचालन मऊगंज से नहीं बल्कि रीवा से हो रहा है। आरोप है कि विभाग में पदस्थ कई जिम्मेदार कर्मचारी आज भी मुख्यालय में निवास नहीं करते। विकासखंड स्तर के कार्यालयों में नियमित उपस्थिति नहीं होने से कार्यालयों में अक्सर ताले लटके देखे जा सकते हैं। किसानों और अधिकारियों के बीच संवादहीनता के चलते शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडेय एवं राम सिपाही पटेल ने कलेक्टर मऊगंज का ध्यान आकृष्ट कराते कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए आत्मा योजना के पिछले पांच वर्षों के व्यय, भ्रमण बिलों और प्रगतिशील किसान सूचियों का भौतिक सत्यापन कराया जाय तथा लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय, ताकि 'आत्मा' योजना वास्तव में किसानों की आत्मा बन सके।

इन्होंने कहा

जिले में कर्मचारियों की कमी है मऊगंज जिले के तीनों विकास खण्ड में एक-एक कर्मचारी पदस्थ हैं, कर्मचारियों के नियमित न रहने एवं किसानों को योजना संबंधी जानकारी न मिलने की शिकायत मिली है। कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे की योजना अनुसार किसानों को कृषि संबंधी जानकारी प्रदान की जाए और योजनाओं का समय-समय पर लाभ प्रदान किया जाए।

यूपी बागरी
डिप्टी डायरेक्टर एग्रीकल्चर